सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**

**राज्यपाल ने महावीर जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।**

**राजभवन देहरादून 09 अप्रैल, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने महावीर जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि भगवान महावीर की शिक्षाएं एवं जीवन दर्शन संपूर्ण मानवता के लिए अनुकरणीय हैं। उन्होंने अहिंसा, सत्य, त्याग, करुणा और लोक कल्याण के जिन सिद्धांतों का प्रतिपादन किया, वे आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि भगवान महावीर का संदेश प्राणी मात्र के प्रति दया और समरसता की भावना को बढ़ावा देता है। समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाना आवश्यक है।

..........0..........